दिन– शनिवार | दिनांक– 04 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के लिए युवा केन्द्रित कई पहलों का शुभारंभ करेंगे।

02. आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की टीम पटना पहुंची। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से करेंगे मुलाकात।

03. राज्यमंत्रिमंडल ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को ब्याजमुक्त किया।

04. और, विभिन्न मौसमी कारकों के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज वैशाली, दरभंगा, मधुबनी और पटना समेत पन्द्रह जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के लिए कई युवा केन्द्रित पहलों का शुभारंभ करेंगे। साथ ही वे कई कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के खातों में राशि भी अंतरित करेंगे। इस मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और अधिकारी भाग लेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की पूरी टीम कल देर रात पटना पहुँच गई है। प्रतिनिधिमंडल में निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी शामिल हैं। यह टीम आज और कल चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि टीम आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनके सुझावों पर विचार–विमर्श करेगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और मतदाताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए पूरी तरह उपलब्ध

रहने का निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों के लिए तैनात किए गये केंद्रीय पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव पर्यवेक्षक लोकतंत्र के मुख्य स्तंभ हैं। नई दिल्ली में आयोजित बैठक में उन्होंने पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग की हाल ही में शुरू की गई पहलों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में दो सौ सत्तासी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, अंठावन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और अस्सी अन्य अधिकारियों सहित चार सौ पच्चीस अधिकारियों ने भाग लिया।

———————————————————————————

राज्यमंत्रिमंडल ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को ब्याजमुक्त कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि इस योजना के तहत चार लाख रूपये तक का ऋण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने पहले से ऋण ले रखा है या वर्तमान में ऋण चुका रहे हैं, उनकी शेष बकाया राशि को भी ब्याज मुक्त कर दिया जायेगा।

———बाईट———

कैबिनेट ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई और अन्य राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को एक जुलाई के प्रभाव से अट्ठावन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने एक अन्य फैसले में स्कूली छात्र—छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृति की राशि दोगुनी कर दी है। अब कक्षा एक से चार तक के छात्र—छात्राओं को बारह सौ रुपये और कक्षा पांच और छह के छात्र—छात्राओं को चौबीस सौ रुपये छात्रवृति मिलेगी। वहीं, कक्षा सात से लेकर दसवीं तक के छात्र—छात्राओं को छत्तीस सौ रुपये की छात्रवृति मिलेगी।

———बाईट———

बैठक में कुल एक सौ उनतीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी।

———————————————————————————

विभिन्न मौसमी कारकों के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का दौर आज भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आज पटना सहित पन्द्रह जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने इस दौरान वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं सुपौल, मुजफ्फरपुर, सारण, पटना, गोपालगंज, सीवान, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा,

अररिया और पूर्णिया में भारी से अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में बारिश का यह दौर छह अक्टूबर तक जारी रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कई स्थानों पर भारी से अत्यंत भारी बारिश के चलते जन जीवन प्रभावित हुआ है। रोहतास से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में पिछले चौबीस घंटों से हो रही लगातार बारिश से सासाराम समेत कई स्थानों पर भीषण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

———बाईट———

लगातार हो रही रातभर की बारिश से जिले में कई स्थानों पर गंभीर हालात उत्पन्न हो गये हैं। गांव से लेकर जिला मुख्यालय सासाराम तक बारिश का पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। तिलौथू के कई गांव तुतला भवानी झरने से निकले बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं, वहीं सासाराम शहर की गलियों और मोहल्लों में भी एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा हो गया है। जमुहार के पास करवंदिया में पुराने जीटी रोड पर मझार कुंड से काव नदी का पानी तेज धार में बह रहा है। इसी बीच सासाराम में मां दुर्गा विसर्जन जुलूस को पानी से भरी गलियों के बीच से निकालकर श्रद्धालुओं ने दुर्गा कुंड तक पहुंचाया। जहां प्रतिमाएं विसर्जित की गई। आकाशवाणी समाचार के लिये सासाराम से चंदन कुमार।

———————————————————————

सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने जिले में भारी बारिश को देखते हुए सभी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में पठन–पाठन आज बंद रखने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री चौहान बापू सभागार में राज्य स्तरीय बासंतिक यानि रबी कार्यशाला और किसान सलाहकारों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे ज्ञान भवन में मखाना महोत्सव दो हजार पच्चीस का भी उद्‌घाटन करेंगे। श्री चौहान एक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज पेश है– चमड़ा और फुटवियर पर जीएसटी कटौती से होने वाले लाभों पर ये रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– युवाओं–महिलाओं पर सहूलियतों की बारिश।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के खाते में भेजे दस–दस हजार रूपये।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– भाजपा प्रत्याशी चयन से पहले फिर समीक्षा करेगी। चुनाव समिति की बैठक आज।

प्रभात खबर लिखता है– जदयू विधायक राजद में व राजद जिलाध्यक्ष भाजपा में शामिल।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– पीएम बिहार के युवाओं को आज देंगे कई योजनाओं का तोहफा।

आज अखबार लिखता है– पटना पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के लिए युवा केन्द्रित कई पहलों का शुभारंभ करेंगे।

02. आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की टीम पटना पहुंची। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से करेंगे मुलाकात।

03. राज्यमंत्रिमंडल ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को ब्याजमुक्त किया।

04. और, विभिन्न मौसमी कारकों के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज वैशाली, दरभंगा, मधुबनी और पटना समेत पन्द्रह जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।